| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जाज |
| --- | --- |
| | न्या० उपखंड अधिकारी, महोदय, बसवा<br>मु.नं. 67/24 रामावतार बनाम राज० सरकार |
| 4/9/24 | पत्रावली पेश हुई, अप्रार्थी सं. 2 बाद तामील अनुपस्थित रहने से Ex parte की जाती है, तहसीलदार बसवा से पत्रांक 4501 दिनांक 8.8.24 के द्वारा वांछित रिपोर्ट प्राप्त, बहस सुनी गई, निर्णय पृथक से लिख जाकर शामिल पत्रावली किया गया, पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर होकर, नम्बर से कम हो |

उपखण्ड अधिकारी
बसवा (दौसा)

न्यायालय उप जिला कलेक्टर व उप जिला मजिस्ट्रेट बसवा (दौसा) राज.

Signature Not Verified
Digitally signed by Rekha Meena
Date: 2024.10.24 12:58:21 IST
Reason: SelfAttested

## न्यायालय उपजिला कलक्टर एवं उप जिला मजि. बसवा
## जिला–दौसा

प्रकरण संख्या :– 67/2024
प्रकरण रज्जु दिनांक 13.6.2024
निर्णय दिनांक . 4.9.2024

## उनवान

**प्रकरण :– वास्ते 136 एल.आर.एक्ट वास्ते संशोधन हेतु वादपत्र इन्द्राज दुरस्ती**

**प्रकरण का उनवान**

रामावतार पुत्र बृजलाल जाति यादव, निवासी अहीरों की ढाणी, बसवा तहसील बसवा जिला–दौसा राजस्थान

(प्रार्थी)

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार व लैण्ड होल्डर,बसवा
2. आई.सी.आई.सी.आई.बैंक बांदीकुई जरिये शाखा प्रबन्धक महोदय शाखा बांदीकुई जिला–दौसा राजस्थान

(अप्राथीगण)

**–:निर्णय :–** दिनांक :–04.09.2024

प्रार्थना–पत्र वास्ते इन्द्राज दुरस्ती अंतर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट के तहतः–
उपस्थिति :– प्रार्थीगण की ओर से एडवाकेट श्री मनोज मिश्रा

पत्रावली पेश हुई । प्रकरण का संक्षिप्त वृतांत इस प्रकार है कि प्रार्थी ने न्यायालय हाजा में एक प्रा.पत्र वास्ते इन्द्राज दुरस्ती का पेश किया । जिसके अनुसार प्रार्थी के पिता की खातेदारी भूमि मौका ग्राम बसवा के खाता संख्या नया 617 पुराने 599, खाता संख्या नया 616 पुराना 598, खाता संख्या नया 618 पुराना 600, खाता संख्या नया 619 पुराना 601, खाता संख्या 1201 पुराना 616 खाता संख्या नया 1095 पुराना 1076, खाता संख्या 974 पुराना 956, खाता संख्या नया 382 पुराना 610, खाता संख्या नया 614 पुराना 596, खाता संख्या 1096 पुराना 1077, खाता संख्या नया 1094 पुराना 1075, खाता संख्या नया 634 पुराना 619 में प्रार्थी के पिता का नाम गलती से बृजमोहन पुत्र पून्या दर्ज हो गया, जबकि प्रार्थी के पिता का सही व वास्तविक नाम बृजलाल पुत्र पूरण दर्ज है । प्रार्थी के पिता का सभी दस्तावेजात यथा वोटर आईडी कार्ड, परिवार राशन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सभी अन्य सरकारी दस्तावेजों में बृजलाल पुत्र पूरण ही दर्ज है । प्रार्थी के पिता बृजलाल की मृत्यु दिनांक 9.2.2016 को हो चुकी है । प्रार्थी के भाई छोटेलाल की मृत्यु भी दिनांक 9.2.20216 को हो चुकी है । अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि भूमि पैरा नंबर 1 लगायत 12 में अंकित प्रार्थी के पिता का नाम ''बृजमोहन पुत्र पुन्या'' को विलोपित करके, ''बृजलाल पुत्र पूरण'' दर्ज करने हेतु आदेशित किया जावे । जिससे अन्य सहायता जो न्याय संगत हो प्राप्त हो सके । ''

Signature Not Verified
Digitally signed by Rekha Meena
Date: 2024.10.24 12:38:21 IST
Reason: Self Attested

उपखण्ड अधिकारी बसवा (दौसा)

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी संख्या 1 तहसीलदार बसवा व अप्रार्थी संख्या 2 आई.सी.आई.सी.आई. बैंक बांदीकुई जरिये शाखा प्रबन्धक महोदय बांदीकुई को नोटिस जारी किये गये । अप्रार्थी संख्या 2 बाद तामील अनुपस्थित रहा जिससे उनहे विरूद्ध एक्सपार्टे की जाती है ।

प्रकरण के कम में तहसीलदार बसवा से रिपोर्ट तलब की गई । तहसीलदार बसवा द्वारा उनके पत्र कमांक भू.अ./2024/4501 दिनांक 8.8.2024 के द्वारा जांच रिपोर्ट पेश की है कि राजस्व ग्राम बसवा की जमाबंदी संवत् 2074—77 के खाता संख्या 382, 614, 616, 617, 618, 619, 634, 974, 1094, 1095, 1096, 1201 में बृजमोहन पि. पून्या दर्ज रिकोर्ड है, लेकिन वादी बृजलाल पि. पूरण करवाना चाहता है जिसके वादी ने अपना आधार कार्ड, जन आधार, पहचान पत्र, इत्यादि दस्तावेज लिये हैं जिनमें वादी का पिता का नाम बृजलाल पि. पूरण अंकित होना पाया है एवं अन्य लोगों से जांच करने पर बताया कि फौत खातेदार पि. पून्या अंकित होना पाया है एवं अन्य लोगों से जांच करने पर बताया कि फौत खातेदार पि. पून्या के स्थान पर बृजमोहन पि. पूरण जाति अहीर किया जाना उचित अवगत कराया है ।

हमने तहसीलदार बसवा की उपर्युक्त रिपोर्ट के संलग्न पटवारी हलका की मूल रिपोर्ट का अवलोकन किया, जिसमें उन्होंने अंकित किया है कि फौत खातेदार बृजमोहन पि. पून्या के सथाना पर ''बृजलाल पि. पूरण'' जाति अहीर किया जाना उचित होगा ।

हमने प्रार्थना—पत्र 136 राज.भू.अधि.1956 का, मय दस्तावेजात का भी अवलोकन किया जिसगे ग्राम बसवा के ही अन्य खातों की जमाबंदी यथा खाता संख्या 382, 614, 616, 617, 618, 619, 634, 974, 1094, 1095, 1096, 1201 वादी के पिता का नाम संशोधित करके बृजलाल पि. पूरण किया जाना उपयुक्त पाते हैं। आधारकार्ड, फोटोपहचान पत्र, राशन कार्ड इत्यादि के अवलोकन से भी वाद पत्र में वांछित अनुतोष उपयुक्त पाया गया है।

## आदेश

संपूर्ण परिवाद का अवलोकन करने के उपरांत निम्न प्रकार संशोधन राजस्व रिकोर्ड जमाबंदी में करने के आदेश राजस्थान भू.राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत दुरस्ती हेतु आदेश प्रसारित किये जाते हैं ।

| वर्तमान में राजस्व रिकोर्ड में अंकित प्रविष्टि | | | इस आदेश के द्वारा इस प्रविष्ठि में जो संशोधन करने के आदेश दिये जाते हैं | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्व ग्राम | खाता सं. | वर्तमान प्रविष्टि जिसे दुरस्त करना है | राजस्व ग्राम | खाता सं. | इस आदेश के उपरांत इस प्रविष्ठि को संशोधित किया जाना है । |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| बसवा | 382, 614, 616, 617, 618, 619, 634, 974, 1094, 1095, 1096, 1201 | बृजमोहन पि. पून्या | बसवा | 382, 614, 616, 617, 618, 619, 634, 974, 1094, 1095, 1096, 1201 | बृजलाल पि. पूरण |

Signature Not Verified
Digitally signed by Rekha Meena
Date: 2024.10.24 12:58:21 IST
Reason: SelfAttested

अतः वर्तमान राजस्व रिकोर्ड में कॉलम संख्या 3 में अंकित प्रविष्ठि को कॉलम संख्या 6 में संशोधन अनुसार राजस्व अभिलेख में अंकित किये जाने के आदेश एतद्द्वारा राज.भू. राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत प्रदान किये जाते हैं । शेष इन्द्राज बदस्तूर रहेंगे । तहसीलदार, बसवा को इस दुरस्ती आदेश की प्रति भेजकर आदेशित किया जाता है कि उक्तानुसार राजस्व रिकोर्ड में संशोधन करना सुनिश्चित करें ।

उपखण्ड अधिकारी
बसवा (दौसा)

निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया । पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर होकर, नंबर से कम हो ।

उपखण्ड अधिकारी,बसवा
बसवा (दौसा)

न्यायालय उप जिला कलेक्टर व उप जिला मजिस्ट्रेट बसवा (दौसा) राज.

Signature Not Verified

Digitally signed by Rekha Meena
Date: 2024.10.24 12:58:21 IST
Reason: SelfAttested